668. राजस्थानी साहित्य की एक प्रारंम्भिक रचना 'हंसावली' रचित है

(a) हेमचन्द्र द्वारा (b) असाईत द्वारा
(c) श्रीधर व्यास द्वारा (d) ईसरदास द्वारा

उत्तर (b)

RPSC RAS/RTS 2016

व्याख्या-राजस्थानी साहित्य की प्रारम्भिक रचना हंसावली असाईत द्वारा रचित है जबकि हेमचंद्र ने काव्यानुशासन आदि ग्रन्थों की रचना की, ईसरदास ने हरिरस, देवियांण आदि ग्रन्थों की रचना की और श्रीधर व्यास 14वीं-15वीं सदी के गुजराती भाषा के कवि और साहित्यकार थे।

669. राजस्थान की डॉ. कृष्णा जाखड़ को साहित्य अकादमी का राजस्थानी अनुवाद पुरस्कार 2017 दिया गया है। उन्हें यह पुरस्कार उनकी कौन सी अनुवाद-कृति के लिए दिया गया है?

(a) गाथा तिस्ता पार री (b) भींत
(c) अडाणै धरयोडी ऑख्याँ (d) टोबा टेक सिंह

उत्तर (a)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- राजस्थान की डॉ. कृष्णा जाखड़ को साहित्य अकादमी का राजस्थानी अनुवाद पुरस्कार, 2017 उनकी अनुवाद कृति 'गाथा तिस्ता पार री' के लिए प्रदान किया गया था।

670. साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार 2018 के लिए 23 लेखकों का चयन किया गया है। उनमें से राजस्थानी भाषा के लिए किसको चुना गया है?

(a) डॉ. चेतन स्वामी (b) डॉ. ज्योति पुंज
(c) मोहन आलोक (d) सी.एल. सांखला

उत्तर (d)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार, 2018 के लिए 23 लेखकों का चयन किया गया है जिसमें राजस्थानी भाषा के लिए सी.एल. सांखला को चयनित किया गया है। वर्ष 2020 के लिए राजस्थानी भाषा का साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार-मंगाट बादल को उनकी कृति कुदरत से न्याय के लिए दिया गया था।

671. निम्नलिखित में कौन सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है?

	पुस्तकें	**लेखक**
(A)	नेह तरंग	सवाई प्रतापसिंह
(B)	नागदमण	सांयाजी झूला
(C)	रणमल छन्द	श्रीधर व्यास
(D)	भाषा भूषण	महाराजा जसवंत सिंह

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (a) : सही सुमेल इस प्रकार है-

(पुस्तक)		**(लेखक)**
नेह तरंग	–	राजा राव बुद्ध सिंह
नागदमण	–	सांयाजी झूला
रणमल छन्द	–	श्रीधर व्यास
भाषा भूषण	–	महाराजा जसवंत सिंह

672. निम्नलिखित में से कौन-सा (साहित्यिक कृति-लेखक) सुमेलित नहीं है?

(a) प्रबंध चिन्तामणि-मेरूतुंग
(b) राज वल्लभ-मण्डल
(c) पार्श्वनाथ चरित्र-श्रीधर
(d) प्रबंध कोष-चन्द्रशेखर

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II

Ans. (d) : सही सुमेलन है।

	रचनाएँ		**रचनाकार**
(a)	प्रबंध चिंतामणि	-	मेरूतुंग
(b)	राज वल्लभ	-	मंडन
(c)	पार्श्वनाथ चरित्र	-	श्रीधर
(d)	प्रबंधकोष	-	राजशेखर

673. साहित्यिक रचना और उसके साहित्यकार के गलत युग्म का चयन कीजिए–

(a) वीर सतसई – सूर्यमल्ल मिश्रण
(b) एकलिंग महात्म्य – चन्द्रप्रकाश देवल
(c) चेतावनी रा चूंगटिया – केसरीसिंह बारहठ
(d) ढोला मारु रा दूहा – कवि कल्लोल

JEN (Civil) Degree 2020 Date 12.09.2021

Ans. (b) : सही सुमेलन इस प्रकार–

साहित्यिक रचना		**साहित्यकार**
वीर सतसई	–	सूर्यमल्ल मिश्रण
एकलिंग महात्म्य	–	कान्ह व्यास
चेतावनी रा चूंगटिया	–	केसरीसिंह बारहठ
ढोला मारु रा दूहा	–	कवि कल्लोल

• एकलिंग महात्म्य कान्ह व्यास की रचना है। यह मेवाड़ राजवंश की वंशावली के लिए उपयोगी है।

674. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

लेखक	**कृति**
(a) जयानक	**(i) हम्मीर महाकाव्य**
(b) नयनचन्द्र सूरी	**(ii) समराइच्चकहा**
(c) चन्द्रशेखर	**(iii) पृथ्वीराज विजय**
(d) हरिभद्र सूरी	**(iv) सुर्जन चरित्र**

कूट-

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(a)	iv	iii	ii	ii
(b)	iii	i	iv	ii
(c)	i	ii	iii	iv
(d)	iii	iv	ii	i

Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22

Ans. (b) : लेखक और उनकी कृति (रचना) का सुमेल निम्नलिखित हैं-

	लेखक			**कृति**
(a)	जयानक	-	(iii)	पृथ्वीराज विजय
(b)	नयनचन्द सूरी	-	(i)	हम्मीर महाकाव्य
(c)	चन्द्रशेखर	-	(iv)	सुर्जन चरित्र
(d)	हरिभद्र सूरी	-	(ii)	समराइच्चकहा

675. निम्न में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

	पुस्तक	**लेखक**
(a)	वीसलदेव रासो	नरपति नाल्ह
(b)	खुमाण रासो	- दलपति विजय
(c)	वेलि क्रिसन रूकमणि री	- पृथ्वीराज राठौर
(d)	राव जैतसी रो छन्द	- शिवदास गाडण

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022